वर्ष- 02 अंक- 119

छपरा

19 मार्च,बुधवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## सुनीता विलियम्स 9 महीने बाद अंतरिक्ष से रवाना

### आज सुबह 3 :27 बजे समुद्र में लैंडिंग



**फ्लोरिडा,एजेंसी।** अंतरिक्ष में फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। उनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी आज, 18 मार्च को स्पेस स्टेशन से रवाना हुए।

चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद सुबह 08:35 बजे इस स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी, दरवाजा बंद हुआ और 10=35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड होगा।

## सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को चार फीसदी आरक्षण

### कर्नाटक सरकार ने विधानसभा में पेश किया विधेयक


**बंगलूरू,एजेंसी।** सियासी विरोध के बीच कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में मुस्लिमों के लिए सरकारी ठेकों में चार फीसदी आरक्षण लागू करने वाला विधेयक पेश किया। कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने कर्नाटक सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता (केटीपीपी) (संशोधन) विधेयक पेश किया।

कर्नाटक मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी थी। इसमें दो करोड़ रुपये तक के नागरिक कार्यों और एक करोड़ रुपये तक के माल/सेवा अनुबंधों में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत अनुबंध आरक्षित किए गए हैं। प्रस्ताव की घोषणा मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सात मार्च को पेश किए गए 2025-26 के बजट में की थी। भाजपा ने सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के कर्नाटक सरकार के कदम को असांविधानिक बताया था। भाजपा ने रद्द करने की मांग समेत अदालत तक जाने का एलान किया था। मंगलवार को पेश किए गए विधेयक में 2025-26 के बजट भाषण में दिए गए प्रस्ताव को लागू करने के लिए केटीपीपी अधिनियम, 1999 में संशोधन किया गया है।

# मोदी बोले- महाकुंभ में अनेक अमृत निकले एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद

## राहुल बोले- भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में महाकुंभ के भव्य आयोजन की तुलना भगीरथ के धरती पर गंगा लाने से की। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट और विविध स्वरूप के दर्शन किए। सबका प्रयास का यही साक्षात स्वरूप है। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में कहा कि महाकुंभ का आयोजन हमें जल संरक्षण के महत्व का ध्यान कराता है और प्रेरणा देता है की कुंभ की भांति ही हम 'नदी उत्सव' मनाए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से बहुत से अमृत निकले हैं। इसमें एकता का अमृत बहुत ही पवित्र प्रसाद है। अनेकता में एकता भारत की विशेषता है। प्रयागराज में हमने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया है। हमारा दायित्व है कि इस विशेषता का निमंत्रण समृद्ध होती रहे। मोदी ने कहा कि हमने करीब डेढ़ महीने तक भारत में महाकुंभ का उत्साह देखा, उमंग को अनुभव किया। कैसे सुविधा, असुविधा की चिंता से ऊपर उठते हुए कोटि-कोटि श्रद्धालु श्रद्धा भाव से जुटे, ये हमारी बहुत बड़ी ताकत




है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में अपने संबोधन में महाकुंभ के आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि पिछले वर्ष राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने हमें यह आभास कराया कि देश अगले हजार वर्षों के लिए तैयार है। इस वर्ष महाकुंभ के आयोजन ने हमारी सोच को मजबूत किया कि देश की सामूहिक चेतना हमें हमारी क्षमताओं का एहसास कराती है।प्रधानमंत्री मोदी ने सदन के माध्यम से देशवासियों, उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश की जनता, प्रयागराज की जनता और देशभर से आए श्रद्धालुओं का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने मॉरीशस की यात्रा के दौरान कुंभ त्रिवेणी संगम के पवित्र जल को वहां गंगा तालाब में मिलाये जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में देश के हर क्षेत्र, हर कोने के लोग आए और अहं त्याग कर वयं के भाव से के साथ प्रयागराज में जुटे। उन्होंने इसे वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों से जोड़ा और कहा कि महाकुंभ इस दौर में एकजुटता का एक विराट प्रदर्शन था। यह हमारी ताकत है।

### पीएम मोदी के संबोधन पर राहुल बोले भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद मंगलवार को लोकसभा को संबोधित किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाकुंभ पर वक्तव्य दिए जाने के बाद मंगलवार को कहा कि उन्होंने (मोदी ने) आयोजन स्थल पर भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी और सदन में विपक्ष के नेता के तौर पर उन्हें बोलने नहीं मौका नहीं मिला। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को रोजगार के बारे में बोलना चाहिए।



**पीएम के संबोधन पर विपक्ष** :लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी के महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य पर कहा, मैं प्रधानमंत्री की बात का समर्थन करना चाहता था। कुंभ हमारी परंपरा है, संस्कृति है, इतिहास है। एक शिकायत थी कि प्रधानमंत्री ने जिनकी मृत्यु हुई उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी। जो युवा कुंभ में गए उन्हें प्रधानमंत्री से रोजगार चाहिए और प्रधानमंत्री को उसपर भी बोलना चाहिए था... लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष को तो बोलने का मौका दिया जाना चाहिए था लेकिन नहीं देते हैं, यह नया भारत है। वहीं पीएम मोदी के संबोधन के बाद विपक्ष को अपनी बात ना रखने देने को लेकर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि, वह महाकुंभ पर सकारात्मक बोल रहे थे... विपक्ष को भी अपनी बात रखने का मौका दिया जाना चाहिए था क्योंकि विपक्ष की भी इसके (महाकुंभ) प्रति भावनाएं हैं और अगर हम अपनी बात रखते हैं तो उन्हें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए... विपक्ष को भी दो मिनट बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए थी।

#### सीजफायर के बीच गाजा में इजराइली हमले फिर शुरू

## एयरस्ट्राइक में 300 से ज्यादा की मौत, इजराइली रक्षामंत्री बोले- गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे


**तेल अवीव,एजेंसी।** इजराइल ने गाजा में फिर से हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेस के मुताबिक वायुसेना ने गाजा में हमास के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है। अल जजीरा के मुताबिक इन हमलों में अब तक 326 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं सैकड़ों घायल हैं।

19 जनवरी को इजराइल-हमास में शुरू हुए सीजफायर के बाद इजराइल का गाजा में यह सबसे बड़ा हमला है। इजराइली सेना का कहना है कि वह हमले की योजना बना रहे आतंकवादियों को निशाना बना रही है।

इजराइल ने पिछले दो हफ्तों से गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास सीजफायर समझौते में बदलाव स्वीकार करे।

**इजराइली रक्षामंत्री बोले- गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे :** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। वहीं, इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी है कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे।





### सीजफायर के पहले फेज में 33 इजराइली बंधक रिहा हुए


सीजफायर का पहला फेज 1 मार्च को खत्म हो गया है। पहले फेज में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजराइल 2 हजार से फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजराइल और हमास में बीच सीजफायर के दूसरे फेज पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी।

हमास ने इजराइली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया है। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों की जान खतरे में आ गई है।

## मणिपुर में चार उग्रवादी और नशीले पदार्थों का सौदागर गिरफ्तार

इंफाल,एजेंसी। मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में चार उग्रवादियों और नशीले पदार्थों के एक सौदागर को गिरफ्तार किया है। राज्य में नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। यह जानकारी आज सुबह पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों ने केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कैडर खुंद्रकपम माइकल सिंह (33) को निंगथौखोंग खा केइरुंगबम लेकाई से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने सांगाइप्रू एफसीआई गोदाम क्षेत्र में एक 9 एमएम पिस्तौल और कुछ गोलियां छिपाने की बात कबूल की। उसके कब्जे से 9 एमएम पिस्तौल (एक) खाली मैगजीन के साथ, 9 एमएम की चार गोलियां, 9 एमएम का एक खाली खोल, एक एके-47 की जिंदा गोली, 7.62 एमएम की एक जिंदा गोली, .303 की दो जिंदा गोलियां, एक मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड तथा एक आधार कार्ड बरामद हुई। इसके अलावा, इंफाल पश्चिम जिले में वांगोई थाना क्षेत्र के हाओरेबी मयाई लेकाई से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के कैडर लैशराम टोम्बा सिंह (33) को गिरफ्तार किया गया। वह आम जनता, सरकारी कर्मचारियों और दुकानदारों से जबरन वसूली में शामिल था। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।

एक अन्य अभियान में इंफाल पश्चिम जिले के वांगोई थाना क्षेत्र के शामुरौ नाओरेम चापरौ मखा लेकाई



से प्रेपाक/यूपीपीके के कैडर अथोकपम रोमियो सिंह उर्फ न्गांबा (44) को गिरफ्तार किया गया। वह पहले आरपीएफ/पीएलए का सदस्य था और जबरन वसूली में संलिप्त था। उसके पास से दो मोबाइल फोन (सिम कार्ड सहित) और एक आधार कार्ड जब्त किया गया।

सुरक्षा बलों ने लैंपेल थाना क्षेत्र के लैंगोल गेम विलेज ज़ोन-III में मैरी कॉम रीजनल बॉक्सिंग फाउंडेशन के पास से आरपीएफ/पीएलए के सक्रिय कैडर लौरेम्बम ब्रोजन सिंह उर्फ डाइसन (50) को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो मोबाइल फोन, एक दोपहिया वाहन और एक आधार कार्ड जब्त किया गया।इसके अतिरिक्त, सुरक्षा बलों ने चंदेल जिले के मोलचाम थाना क्षेत्र के कुलजंग गांव से मार्टिन प्रतिनलेन किलोन्ग (23) को गिरफ्तार किया। उसके पास से लगभग 5.48 किलोग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर (137 साबुन के डिब्बों में), एक चारपहिया वाहन, दो मोबाइल फोन और एक आधार कार्ड बरामद हुआ।

## रेलवे की अनुदान मांगें लोकसभा से पारित

### हंगामें के बीच सदन की कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य के बाद विपक्ष के हंगामें के चलते कार्रवाई पहले एक बजे और बाद में रेलवे की अनुदान मांगों के पारित होने के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में आज शून्य काल के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ पर विशेष वक्तव्य दिया। उनके वक्तव्य के बाद विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष मुद्दे पर सवाल जवाब चाहता था। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नियम 372 के तहत स्वेच्छा से मंत्री एवं प्रधानमंत्री अपना वक्तव्य दे सकते हैं। उसके बाद कोई सवाल जवाब नहीं होता है।

इसके बाद शून्य काल में कुछ सदस्यों ने अपना विषय रखा लेकिन विपक्ष का हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही को 01 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। एक बजे दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होने पर रेलवे की अनुदान मांगों पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कल हुई चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसी बीच मंत्री के जवाब के बाद अनुदान मांगों को सदन में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। रेलवे की अनुदान मागों के बाद जलशक्ति मंत्रालय से जुड़ी मांगों पर सदन ने विचार शुरू किया। बाद में हंगाम बढ़ते देख पीठासीन अधिकारी साधना राय ने कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

#### नागपुर में भड़की हिंसा

# शिंदे बोले- औरंगजेब के समर्थकों को बर्दाश्त नहीं करेंगे; सीएम ने घायल पुलिसकर्मी से की बात

### छावा फिल्म ने औरंगजेब के खिलाफ लोगों का गुस्सा भड़काया, नागपुर हिंसा पर बोले सीएम फडणवीस



**नागपुर,एजेंसी।** नागपुर में भड़की हिंसा के बाद हालात तनावपूर्ण हैं। पुलिस ने शहर में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। नागपुर पुलिस ने शहर में अशांति फैलाने के आरोप में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। हंसपुरी इलाके में एक और झड़प के बाद कई घरों और वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई। सीएम फडणवीस, नागपुर से सांसद नितिन गडकरी समेत तमाम लोगों ने शांति बनाए रखने की अपील की है।

**प्री-प्लान थी नागपुर हिंसा- प्रतापराव जाधव** :नागपुर हिंसा पर केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा, कल की घटना प्री-प्लान थी, जो दंगाईयां थे वे पूरे शस्त्र के साथ आए हुए थे, हमारे पुलिस को भी जख्मी किया गया। उन्होंने कुछ वाहनों को भी जलाया...ये निश्चित रूप से सब कुछ प्री-प्लान था ।

**घायल पुलिस उपायुक्त से सीएम फडणवीस ने की बात** :महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक दिन पहले नागपुर में हुई हिंसा में घायल हुए पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम से बात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

कुछ लोगों को अच्छा काम पसंद नहीं आ रहा है- श्रीकांत शिंदे शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने नागपुर हिंसा पर कहा, महाराष्ट्र में काम अच्छा चल रहा है, योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं। कुछ लोगों को अच्छा काम पसंद नहीं आ रहा है, वे हिंसा चाहते हैं, कुछ लोग हर दिन धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं।

### 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया

पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंघल ने मंगलवार को बताया कि नागपुर शहर में हुई हिंसा के सिलसिले में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है और पांच एफआईआर दर्ज की गई हैं। सोमवार शाम को मध्य नागपुर में हिंसा भड़क उठी, जिसमें पुलिस पर पथराव किया गया। यह अफवाह फैली कि मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र (छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित) को हटाने के लिए एक दक्षिणपंथी संगठन द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान पवित्र पुस्तक को जलाया गया।

### कुछ लोगों को अच्छा काम पसंद नहीं आ रहा है- श्रीकांत शिंदे

शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने नागपुर हिंसा पर कहा, महाराष्ट्र में काम अच्छा चल रहा है, योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं। कुछ लोगों को अच्छा काम पसंद नहीं आ रहा है, वे हिंसा चाहते हैं, कुछ लोग हर दिन धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं। यह एक पूर्व नियोजित साजिश है, सरकार इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

**महाराष्ट्र को मणिपुर बनाना चाहती है भाजपा** :शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा महाराष्ट्र को अगला मणिपुर बनाना चाहती है। जब नागपुर में हिंसा भड़की तो सीएमओ की तरफ से कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी गई।

### नागपुर हिंसा पर क्या बोले ओवैसी

नागपुर हिंसा पर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा बीते कुछ हफ्तों में, महाराष्ट्र के सीएम और अन्य मंत्रियों ने जो भी बयान दिए हैं, उन्हें शायद ये भी नहीं पता है कि सीएम और बतौर मंत्री क्या जिम्मेदारी है। एक मुगल बादशाह के पुतले फूंके जा रहे हैं, लेकिन उस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो उन्होंने एक कपड़े पर कुरान की आयतें लिखीं और उसे जला दिया। पुलिस को इस बारे में बताया गया, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। इसके बाद हिंसा हुई। यह सरकार और खुफिया विभाग की असफलता है।

#### मणिपुर के चुराचांदपुर में कर्फ्यू

## हमार जनजाति के नेता पर हमले के चलते हिंसा, पुलिस ने हवाई फायरिंग कर उपद्रवियों को खदेड़ा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में रविवार देर शाम हमार जनजाति के नेता रिचर्ड हमार पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया था। सोमवार को हमार जनजाति के लोगों ने न्याय की मांग को लेकर बंद बुलाया।

इस बीच इलाके में तनाव बढ़ गया और हमार जनजाति का एक समूह सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी करने लगा। स्थिति को संभालने के लिए सुरक्षाबलों ने उपद्रवियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और हवाई फायरिंग की। इसके बाद इलाके में कर्फ्यू लगा दिया।

चुराचांदपुर के अतिरिक्त



जिलाधिकारी ने अगले आदेश तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNS) की धारा 163 ( पहले IPC की धारा 144) लगा दी है और सुरक्षा बलों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है।

**कहासुनी के चलते हुआ हमला** : मणिपुर पुलिस के मुताबिक, हमार इनपुई संगठन के महासचिव रिचर्ड हमार पर रविवार शाम जेनहांग लामका में वीके मोंटेसरी परिसर के अंदर लोगों के एक समूह ने हमला किया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रिचर्ड अपनी गाड़ी चला रहे थे, जो एक दोपहिया सवार से टकराते बची। इससे रिचर्ड की दोपहिया वाहन सवार युवकों से कहासुनी हो गई। जो बाद में इतनी आगे बढ़ गई कि दूसरे पक्ष ने रिचर्ड पर हमला कर दिया।

## मतदान केंद्रवार डेटा ऑनलाइन अपलोड करने पर चर्चा के लिए तैयार, चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में कहा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वे मतदान केंद्रवार मतदाताओं का डेटा ऑनलाइन पोस्ट करने के लिए याचिकाकर्ता से चर्चा के लिए तैयार हैं। चुनाव आयोग ने याचिकाकर्ता से अपने प्रतिनिधि को 10 दिनों के भीतर आयोग के समक्ष भेजने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और एनजीओ एडीआर की याचिकाओं पर सुनवाई की। इस सुनवाई के दौरान ही अपने सबमिशन में चुनाव आयोग ने चर्चा की बात कही है।

**याचिका में की गई है ये मांग** :याचिका में आयोग से लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रवार मतदाताओं का डेटा आयोग की वेबसाइट पर मतदान होने के 48 घंटे के भीतर अपलोड करने की मांग की गई है। चुनाव आयोग की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग प्रमुख ज्ञानेश कुमार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। चुनाव आयोग के सबमिशन पर सुप्रीम कोर्ट पीठ ने भी सहमति जताई और याचिकाकर्ताओं के प्रतिनिधि को चुनाव आयोग से मिलने को कहा। इसके बाद मामले पर सुनवाई 28 जुलाई तक टाल दी गई। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने बीते साल मई में सुनवाई के दौरान एनजीओ की मांग का विरोध किया था।

## अहमदाबाद में शेयर बाजार के दिग्गज मेघ शाह के फ्लैट से 87 किग्रा सोना और एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त

**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अहमदाबाद के पालडी इलाके में अविष्कार फ्लैट्स पर छापा मारकर 87.900 किलोग्राम सोना और 1.3 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की है। यह बरामदगी शेयर बाजार के दिग्गज महेंद्र शाह और उनके बेटे मेघ शाह के फ्लैट से की गई है।यह सफलता डीआरआई और एटीएस के संयुक्त अभियान में मिली है। एजेंसियों का कहना है कि अहमदाबाद में हुई इस बरामदगी का कनेक्शन मुंबई तक फैला हुआ है। मुंबई में रहने वाले और डब्बा ट्रेडिंग से जुड़े मेघ शाह



नामक युवक ने डब्बा ट्रेडिंग से कमाए पैसों से खरीदे गए सोना को छिपाने के लिए अहमदाबाद में एक फ्लैट किराए पर ले रखा था। हर्षद मेहता की तरह मेघ शाह भी शेयर बाजार में छोटी-छोटी स्क्रिप्ट का कारोबार करके केंद्रीय एजेंसियों की नजर में आया। जांच एजेंसियों के अनुसार, फर्जी कंपनियों के शेयर मूल्यों में हेरफेर करने वाले एक संचालक महेंद्र शाह और उनके बेटे मेघ शाह ने यह फ्लैट किराए पर लिया था। बताया गया है कि इस फ्लैट से करोड़ों की कीमत वाली एक ब्रांडेड घड़ी भी मिली है। जब्त सोने का बाजार मूल्य 100 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। सोमवार को शुरू हुआ यह ऑपरेशन आज सुबह 8 बजे समाप्त हुआ। दोनों एजेंसियों ने पालडी में महालक्ष्मी चौराहे के पास आविष्कार अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 104 पर सोमवार को छापा मारा था। महेंद्र शाह शेयर मार्केट में ऑपरेटर है। कहा जा रहा है कि यह सोना पिछले एक साल में खरीदा गया था। फ्लैट में एक तिजोरी में करोड़ों के लेन-देन की कच्ची प्रविष्टियां मिलने की बात कही जा रही है।

# सोनपुर : पी. आर. कॉलेज को रेलवे प्रशासन ने किया सील, कॉलेज कर्मियों एवं विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र केएक मात्र रेलवे कालेज जहां हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य को बनाने का काम किया करता है, उसका खुद का भविष्य पर मंगलवार को रेल प्रशासन ने ताला लगा दिया. रेलवे द्वारा सोनपुर के पी आर कॉलेज को पूरी तरह तो नहीं लेकिन आधे से अधिक कमरों को सील कर दिया. विधार्थियो केपरीक्षा को देखते हुए रेल प्रशासन ने थोड़ी सी हमदर्दी छात्र-छात्राओं के साथ दिखाते हुए कुछ कमरो को छोड़ रखा है. सील करने के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ रेलवे के पदाधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान रेलवे के पदाधिकारी घूम-घूम कर एक-एक कमरों को देखा और कई कमरों में ताले लगाकर सील कर दिए.सील होते देख रेलवे कॉलेज के विधार्थियो व शिक्षकों में आक्रोश के साथ-साथ मायूसी भी देखा जा रहा था लेकिन बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस के जवान को देखते हुए किसी ने भी विरोध करने की साहस नहीं जुटा पाया. जिसके कारण रेल प्रशासन पूरी तरह शांतिपूर्वक तरीके से कॉलेज को सील करने में सफल रहा. इस दौरान कॉलेज कर्मी भी मौजूद रहते हुए भी विरोध करने की हिम्मत नहीं कर पाए.अब सवाल यह उठता है कि इस कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य का क्या होगा.कौन लेगा इसकी जिम्मेदारी,कहां पढ़ेंगे यहां के बच्चे, इन सब सवालों पर यहां के लोगों के बीच देर शाम से चर्चा शुरू हो गई है.कॉलेज कर्मी भी कोर्ट के दरवाजा खटखटाने का चर्चा करते देखे गए.

बतादे कि विधार्थियो केभविष्य को देखते हुए रेलवे के भूमि पर रेलवे केपदाधिकारी व मंत्री केदिशा निर्देश पर अंग्रेज केद्वारा बनाये गए भवन में पढ़ने केलिए स्वीकृति दी गयी जो 1978 में महाविद्यालय को बिहार विश्वविद्यालय केदिशा निर्देश केअनुसार कार्य करना आरम्भ हो गया। जिसमें वर्तमान में इस महाविद्यालय में लगभग 5000 हजार छात्र छात्राएं का नामांकन है। लेकिन विगत कुछ माह पहले रेलवे के द्वारा इस महाविद्यालय को खाली कराने का नोटिस जारी किया गया है। जिसके विरोध में आम जनता, जनप्रतिनिधि और छात्र संगठन के भारी विरोध के कारण उस महाविद्यालय बच गया और इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया। जिसके पश्चात इस महाविद्यालय को केस अभी हाईकोर्ट में चल रहा है। अभी तक कोई उचित निर्णय कोर्ट के द्वारा नहीं लिया जिसके वावजूद इसे पुलिस बल केसहयोग से रेलवे ने सिल कर दिया। अब इस क्षेत्र के बच्चो के पठन पाठन के लेकर भविष्य का क्या होगा ?



## खानपुर में शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/मांझी।** प्रखंड के भलुआ बुजुर्ग पंचायत के खानपुर गांव स्थित प्राचीन मां जगदंबा मंदिर परिसर में 9 दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश सह शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हाथी-घोड़े, बैंड-,बाजे के साथ रंग-बिरंगे आकर्षक परिधान में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। मां जगदंबा मंदिर परिसर से श्रद्धालु राजापुर, भोरहोपुर, सरयूपार, ताजपुर होते हुए सरयु नदी के डुमाइगढ़ घाट पर पहुंचे। जहां वृंदावन धाम से पधारे वेदाचार्य अमित कृष्ण शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कराए जाने के बाद श्रद्धालु नदी से कलश में जल लेकर जयकारा लगाते हुए पुनः यज्ञ अनुष्ठान स्थल पर पहुंचे। उसके पश्चात वेदाचार्य अमित कृष्ण शास्त्री, याज्ञाचार्य पंडित लक्ष्मीकांत पांडेय के देखरेख में विधिवत महायज्ञ आरंभ हुआ। यज्ञाचार्य ने बताया कि प्रतिदिन श्रद्धालु सोनम मिश्रा के द्वारा राम कथा व प्रवचन किया जाएगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष विशेश्वर तिवारी ने बताया कि जंगत कल्याण के उद्देश्य से इस महायज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया गया है। वहीं सचिव संजय मिश्रा ने बताया कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से पर्यावरण शुद्ध होता है तथा मानव के हृदय में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। कलशयात्रा में यज्ञ के महामंत्री महेश्वर मिश्रा, सचिव अनिल मिश्रा, कोषाध्यक्ष गुड्डू ओझा, उप सचिव नागेंद्र मिश्रा उर्फ पंडित बाबा राजकुमार मिश्रा, आयोजन समिति के सचिव जितेंद्र कुमार मिश्र, यजमान नागेंद्र तिवारी, प्रदीप मिश्रा, रामबालक मिश्रा महादेव ओझा, अनूप मिश्रा ठाकुर सिंह, मंटू साह आदि समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

## होली मनाकर वापस गुवाहाटी जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के रसौली पश्चिम टोला के एक युवक की असम में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी जबकि उसके माता पिता गंभीर रूप से घायल बताये जाते है मिली जानकारी के अनुसार रसौली पश्चिम टोला निवासी 30 वर्षीय हेमंत कुमार सिंह उर्फ भोला अपने पिता सुरेंद्र सिंह एवं मां के साथ अपने निजी चारपहिया वाहन से होली में घर आया था .मृतक के चाचा गोपाल सिंह ने बताया कि होली के बाद सोमवार को वह अपने माता पिता के साथ वापस गुवाहाटी जा रहा था कि मंगलवार की अहले सुबह गुवाहाटी से 30 किलोमीटर पहले उसके गाड़ी की एक ट्रक से टक्कर हो गयी इस घटना में गाड़ी चला रहे हेमंत की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसके माता पिता गंभीर रूप से घायल हो गए हेमंत के मौत की खबर जैसे ही उसके पैतृक गांव रसौली पहुँची तो परिजनों में चीत्कार मच गया हेमंत की वर्ष 2021 में शादी हुई थी उसके एक पुत्र एवं एक पुत्री है मृतक की पत्नी एवं पुत्र पुत्री होली में घर नही आये थे जिससे उनकी जान बच गयी हेमंत की मौत पर पूर्व मुखिया कल्पनाथ सिंह ,भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह ,शिक्षक नेता जीतेन्द्र कुमार सिंह ,सुधीर कुमार सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।



मृतक का फाइल

## मांझी के प्रणव ने स्पेशलिस्ट कैडर ऑफिसर की परीक्षा पास की, परिजनों में खुशी

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** स्थानीय प्रखंड के माड़ीपुर खुर्द निवासी व छतीसगढ़ के अम्बिकापुर में रेलवे के मुख्य स्टेशन प्रबंधक के पद पर पदस्थापित उमेश सिंह के पुत्र प्रणव कुमार सिंह ने एसबीआई के स्पेशलिस्ट कैडर ऑफिसर स्केल वन की परीक्षा पास करके जिले का नाम रौशन किया है। सोमवार की शाम प्रणव के परीक्षा का परिणाम मिलते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई तथा परिजनों नें गाँव के लोगों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। बताते चलें कि बॉलीबॉल के शौकीन प्रणव की प्रारंभिक शिक्षा अम्बिकापुर के सैनिक स्कूल में हुई तथा बंगलौर से उसने बीटेक की पढ़ाई पूरी की। उधर प्रणव की बहन प्रगति सिंह भी पण्डित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर से एमबीबीएस की अंतिम वर्ष की पढ़ाई पूरी कर रही है। पूछने पर प्रणव ने बताया कि माता पिता का आशीर्वाद एवम उनसे मिले संस्कार की बदौलत ही वह नियमित 12 से 15 घण्टे तक की पढ़ाई करके इस मुकाम को हासिल कर सका है। बावजूद इसके आगे भी उनकी पढ़ाई जारी रहेगी। प्रणव ने बताया कि ईमानदारी के साथ किया गया परिश्रम तथा धैर्य धारण करने वाला युवा जीवन के किसी भी परीक्षा में असफल नही हो सकता।



## गोविंदचक पेट्रोल पंप केपास टेम्पू पलटने से चालक जख्मी, ईलाज केदौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के नयागांव थाना क्षेत्र केगोपालपुर निवासी 55 वर्षीय गोविंद साह की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना रविवार देर शाम गोविंदचक पेट्रोल पंप के पास हुई, जब सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने अचानक चकमा दिया। तेज वाहन को बचाने के प्रयास में गोविंद साह का टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे यह दर्दनाक हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोविंद साह हाजीपुर से यात्रियों को लेकर नयागांव आ रहे थे। हादसे के दौरान सवारी किसी तरह टेंपो से बाहर निकलकर सुरक्षित बच गईं, लेकिन चालक गोविंद साह वाहन के नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने उनके परिजनों को सूचित किया। परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें नयागांव के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया, लेकिन पटना में मृत्यु हो गई। गोविंद साह का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में सोमवार को किया गया। घटना के बाद उनके घर में मातम पसर गया है और गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है ताकि उनका परिवार इस संकट से उबर सके।

## अखंड अष्टायम के लिए निकली भव्य कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के मलाही गांव स्थित अशोक वाटिका में बने हनुमान मंदिर में अखंड अष्टायम के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया और पवित्र जल से भरे कलश को यज्ञ स्थल तक ले गई।यात्रा के बाद आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश जल का अभिषेक किया गया। इसके उपरांत भगवान के नाम का संकीर्तन आरंभ हुआ, जो 24 घंटे तक लगातार चलता रहेगा। गांव के सार्वजनिक हनुमान मंदिर में हर वर्ष अखंड अष्टायम का आयोजन किया जाता है, जिसमें श्रद्धालु भक्त बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से उपमुखिया ओम प्रकाश पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, श्याम पाण्डेय और रविंद्र पाण्डेय सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।यह आयोजन पूरे गांव में श्रद्धा और आस्था का माहौल बना रहा है, और भक्तगण बड़ी उत्सुकता से धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं।

## तेज रफ्तार के वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, दूसरा घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के कर्ण कुदरिया गोपी टोला गांव के सामने मुख्य सड़क पर अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में जानकारी मिली कि दोनों होली में रिश्तेदारी में गोरखपुर गये थें वहीं से दोनों बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे कि अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। मौके पर घटना पर पहुंची इमरजेंसी 112 की टीम ने इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने एक को मृत घोषित कर दिया वहीं एक घायल का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मृतक अविवाहित और दो भाईयों में बड़ा हैं। जो पटना में ही रहकर पढ़ाई करता है। मृतक दरभंगा जिला के सदर थाना क्षेत्र के खुदवारा गांव निवासी ग्रीस मंडल का 27 वर्षीय पुत्र अमित कुमार और घायल मुजफ्फरपुर जिले कच्ची पक्की रोड़ निवासी महेश्वर भगत का 23 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार चौरसिया हैं।

## जन सुराज पार्टी की शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र के दिघवारा प्रखंड के बस्ती जलाल में जन सुराज पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं एवं आम जनता के बीच शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लोग के बीच पार्टी के पदाधिकारी ने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के विचारों,उद्देश्यों एवं कार्यों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में दिघवारा प्रखंड अध्यक्ष मैमुन निशा, संगठन जिला प्रभारी उर्मिला देवी समेत अन्य भी मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन पार्टी केदिघवारा युवा प्रखंड अध्यक्ष तनुज शौरभ ने किया। जबकि कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मंसूर आलम ने किया।

## मशरक में अलग-अलग घटनाओं में पीड़ितों को सीओ ने सौंपा मुवाअजा का चेक




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सीओ सुमंत कुमार ने मदारपुर पंचायत में अलग-अलग घटनाओं में पीड़ित को बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के तरफ से मुवाअजा का चेक सौंपा। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि मदारपुर पंचायत के मदारपुर गांव के अग्निकांड पीड़ित एक दर्जन परिवार को मुवाअजा का आठ-आठ हजार रुपए का चेक सौंपा गया। मगुरहा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से मृतक मीरा देवी पति स्व हृदयानंद सिंह के पुत्र अजय कुमार को चार लाख रुपए का चेक सौंपा गया। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बेन छपरा गांव निवासी विकास कुमार सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी जिसमें मृतक के आश्रित पत्नी सोनम देवी को मुवाअजा का 4 लाख रुपए का चेक सौंपा गया। सीओ ने बताया कि सभी पीड़ित परिवार को बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से मुवाअजा दिया गया। वहीं उन्होंने उपस्थित सभी से गर्मी के बढ़ते प्रभाव और तेज हवा में आग लगने की घटनाओं से बचाव के उपाय रखने को हिदायत दी वहीं उन्होंने उपस्थित महिलाओं को हिदायत दी कि घर के सभी सदस्यों को सड़कों पर बाइक चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

### नौ कुंडलीय गायत्री महायज्ञ

## गायत्री की अराधना से सभी कामनाओं की पूर्ति और मोक्ष की होती है प्राप्तिः प्रवचनकर्ता धर्मेंद्र जी महराज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत शाहपुर जैतिया नेहाल नाथ मंदिर स्थित 9 कुंडली गायत्री महायज्ञ के तिसरे दिन मंगलवार को शांतिकुंज हरिद्वार के प्रवचनकर्ता धर्मेंद्र जी महाराज के नेतृत्व में क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को सामूहिक जप ध्यान, प्रज्ञायोग,व्यायाम,देव पूजन,गायत्री महायज्ञ जप, हवन कराकर उन्हें ज्ञान की सागर में डुबकी लगाई और उन्हें सही ज्ञान अर्जित कर शिक्षित बन कर संस्कार मानव बनने की नसीहत दी.सभी विद्यार्थियों को उन्होंने प्रण दिलाया कि अपने से बड़ों को सम्मान करें, नित्य पूजा पाठ करे, पढ़ने के पहले इष्ट देव का स्मरण करें। पढ़ लिख कर जब ज्ञान अर्जित करते हैं तो लोगों को मान सम्मान के साथ- उन्हें आदर करें,सहयोग करें, सदाचारी बने,दान,जप,तप ज्ञान को प्रकाशित करें तभी आप सही मानव बनेंगे.सभी विद्यार्थियों ने उनके दिए गए आदेशों को पालन करने के लिए आश्वासन दिया. उन्होंने सभी विद्यार्थियों को कहा कि ? परमात्मा का श्रेष्ठ नाम है. विद्या का अर्थ है विवेक एवं सद्भाव.नई शक्ति। विद्यार्थी पढ़ाई आरंभ करने के पहले श्री गणेश, मां सरस्वती, मां गायत्री का स्मरण जरूर करें और कॉपी कलम की पूजा करने के बाद ही पढ़ाई प्रारंभ करें.उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बताया कि गायत्री का अर्थ है प्राणों की रक्षा करना ही गायत्री है.परमात्मा ही गायत्री



है.तन के लिए मन चाहिए मन के लिए गायत्री मंत्र चाहिए.उन्होंने कहा की एकाग्रता से कार्य शक्ति की बड़ी उत्तेजना मिलती है. बुद्धि बढ़ाने का प्रमुख साधन एकाग्रता है. मस्तिष्क निर्बल है, अविकसित है.मस्तिक एक प्रकार का चुंबकीय गुण प्राप्त कर लेता है.विद्यार्थी जिस विषय में योग्यता बढ़ाना चाहते है उसे स्वयं दूसरे से मदद से अपने वर्तमान ज्ञान के लिए दूसरे से मदद लेनी चाहिए. उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि बुरे विचार, बुरे कर्म,गलत सोच से सदैव कष्ट होते हैं। विद्यार्थी जीवन को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बको ध्यानम,काक चेष्टा, कुकुरनिद्रा,अल्पाहारी,संस्कारवान बन कर परिवार, समाज, राष्ट्र को उच्चाई तक ले जाने का प्रयास करेंगे.तभी मानव जीवन सफल होगा और पढ़ाई का उद्देश्य की पूर्ति होंगी। वही संध्याकालीन 6:00 से 9:00 तक युग संगीत एवं प्रवचन का कार्यक्रम हुआ। जिसमे प्रवचन कर्ता धर्मेन्द्र जी महराज ने 9 कुंडलीय महायज्ञ में मुख्य रूप से गायत्री यज्ञ का उद्देश्य एवं महत्व तथा भारतीय सनातन संस्कृति में जीवन का उद्देश्य तथा परिवार तथा समाज निर्माण की विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं को कहे कि यज्ञ भारतीय देव संस्कृति का प्राण है, समाज और संसार का सर्वोत्मुखी समाधान इसी से होता है। यज्ञ बलिदान और आत्म निर्माण का प्रतीक है। जहाँ आहुतियों के रूप में हम अपनी बुराईयों और दुष्प्रवृतियों का त्याग करने का संकल्प लेते हैं। गायत्री यज्ञ अभाव आशक्ति और अज्ञान से मुक्ति पाने की प्रेरणा देता है। गायत्री माता को सनातन संस्कृति की जन्मदात्री माना जाता है। प्रारंम्भ में गायत्री मंत्र सिर्फ देवताओं के लिये ही था। बाद में महर्षि विश्वामित्र ने अपने कठोर तप से इसे आमजनों तक पहुँचाया। तदोपरान्त श्री राम शर्मा आचार्य ने भी गायत्री महामंत्र एवं इसके महत्त्व को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होने संदेश दिया की गायत्री की अराधना से सभी कामनाओं की पूर्ति और मोक्ष की प्राप्ति संभव है। गायत्री मंत्र का जप सभी मनोरथ एवं कामनाओं को पूर्ण करने का सूत्र मात्र है। देवी गायत्री को चारो वेदों का जन्मदात्री माना जाता है। मान्यता है कि चारो वेदों का ज्ञान प्राप्त करने के बाद जो पुण्य फल मानव को मिलता है, अकेले गायत्री मंत्र को समझने मात्र से चारो वेदों का ज्ञान मिल जाता है। गायत्री विश्व के समस्त मानवों, ऋषियों, संतो एवं महापुरूषों की अराध्य रही है। जब मानव पर मुसीबत आता है तो वह अपने अराध्य, देवी-देवताओं की प्रार्थना करता है, लेकिन जब देवताओं पर मुसीबत एवं संकट आता है तो वह गायत्री महाशक्ति की प्रार्थना करते हैं। गायत्री मंत्र इंसान को ऊँचाई पर ले जाने, नया जीवन और ऊर्जा देने के साथ-साथ मोक्ष प्राप्ति का अमूल्य मार्ग है।

# पंडित महेंद्र मिश्र वैसे शख्सियत के थे, जिनके चलते भोजपुरी भाषा की लोकप्रियता बढ़ीः स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** पंडित महेंद्र मिश्र वैसे शख्सियत के थे जिसके चलते भोजपुरी भाषा व भोजपुरी माटी की लोकप्रियता, ताकत बढ़ी, उक्त बातें सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने जलालपुर स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार की देर संध्या में कही। वे पंडित महेंद्र मिश्र की 160वीं जयंती पर राज्य सरकार के कला संस्कृति और युवा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतिम दिन सोमवार की संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे।उन्होंने कहा कि मानव समाज में अपनी लोक कला और लोक संस्कृति का बहुत महत्व है। सभ्यता, संस्कृति तभी तक जीवित रहती है जब लोक कला और संस्कृति जीवित रहती है।हम सब महेंद्र मिश्र के माध्यम से लोक कला,,लोक संस्कृति को जीवित रखने का कार्य कर रहे हैं।इससे आने वाली पीढ़ी महेंद्र मिश्र को जानेगी और समझेगी और लोक संस्कृति को और बढ़ावा देगी।कार्यक्रम में बोलते हुए सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री मंटू सिंह ने कहा जो अपने इतिहास को भूल जाता है उसका अस्तित्व मिट जाता है। अपने इतिहास अपने अस्तित्व अपने विरासत को बचाना जरुरी है ताकि जब देश को कुर्बानी देने की जरुरत पडे तब हमारे आने वाली पीढ़ी को यह संदेश जाए। वे महेंद्र मिश्रा को जाने समझे ताकी उनका कदम पीछे ना हट सके।विधान पार्षद प्रोफेसर वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि पंडित महेंद्र मिश्रा को याद करने का मतलब है कि अपने हजार वर्ष की विरासत को याद करना।हमें अपने दादा-दादी परदादा परकाकी जो भाषा देकर गए हैं उसे संरक्षित करना जरूरी है। कार्यक्रम में बोलते हुए छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष तीन दिवसीय किया जाए,कार्यक्रम के दिन में चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कलाकारों को पारिश्रमिक के रूप में रु5000 से बढ़ाकर रु25000 किया जाए। इसके पहले अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया.मौके पर विधान पिर्षद सर्वेश कुमार,सारण एसपी डॉक्टर कुमार आशीष,एसडीएम लक्ष्मण तिवारी, भाजपा नेता सत्यम दुबे,वंशीधर तिवारी, विवेकानंद तिवारी,जेपी सेनानी ललन देव तिवारी, जेपी सेनानी कन्हैया सिंह तूफानी,पूर्व मुखिया मनोज मिश्रा,स्मारक समिति के सदस्य नागेंद्र राय, पप्पू सिंह कुशवाहा महेंद्र मिश्र के प्रपौत्र पंडित रामनाथ मिश्रा,प्रपौत्र विनय मिश्रा बीडीओ विनोद प्रसाद,सीईओ अभिषेक कुमार,थानाध्यक्ष राहुल कुमार,प्रो सुरेश मिश्रा रामकुमार मिश्र,,रामकुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख अखिलेश्वर पासवान, बीडीसी राजन तिवारी,राधेश्याम गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, चुन्मुन सिंह, विजय यादव सहित कई अन्य गणमान्य भी थे।



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तहत निर्वाचक सूची का 7 जनवरी 2025 को हुआ अंतिम प्रकाशन, अद्यतन मतदाता सूची में जिला में कुल3114704 मतदाता

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी सारण अमन समीर की अध्यक्षता में आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहुत की गई।बताया गया कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्वाचन सूची का अंतिम प्रकाशन 7 जनवरी 2025 को किया गया।अद्यतन मतदाता सूची में सारण जिला के कुल 3039 मतदान केंद्रों में3114704 मतदाता शामिल हैं।इसमें महिला मतदाता की संख्या1499438, पुरुष मतदाता की संख्या1615253 तथा अन्य मतदाता की संख्या 13 है। अद्यतन मतदाता सूची का लिंगानुपात बढ़कर 928 हो गया है। 7 जनवरी को प्रकाशित फाइनल सूची में लिंगानुपात 912 था। इस सूची में 18-19 आयुवर्ग के 36373 मतदाता शामिल हैं।इस कैलेंडर वर्ष में निर्वाचन सूची में पंजीकरण के लिए 1 जनवरी के अतिरिक्त 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर भी अर्हता तिथि निर्धारित है। अंतिम प्रकाशन के बाद भी मतदाता सूची के सतत अद्यतीकरण की प्रक्रिया जारी है। जिसके तहत कोई भी अर्हता प्राप्त व्यक्ति निर्वाचक सूची में परिवर्द्धन, विलोपन एवं संशोधन हेतु आवेदन कर सकता है। बताया गया कि सारण जिला में 15 दिसंबर 2024 से 17 मार्च 2025 की अवधि में 45554 फॉर्म-6, 23638 फॉर्म-7 तथा 18252 फॉर्म-8 प्राप्त किये गये हैं, जिनका निष्पादन किया गया है।निर्वाचन सूची के सतत अद्यतीकरण प्रक्रिया के तहत अधिक से अधिक छूटी हुई महिलाओं एवं युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से भी सक्रिय सहयोग का अनुरोध किया गया। सभी राजनीतिक दलों को सभी मतदानकेन्द्रों पर बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। बैठक में उपनिर्वाचन पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

*इस कैलेंडर वर्ष में निर्वाचन सूची में पंजीकरण के लिए 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर भी है अर्हता तिथि*

*अंतिम प्रकाशन के बाद भी मतदाता सूची के सतत अद्यतीकरण की प्रक्रिया है जारी*

# लोकगायकी : पूर्वी धुनों के सुरों पर देर रात तक झूमते रहे लोग



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** पुरबिया धुन के सम्राट पं महेंद्र मिश्र के 160वी जयन्ती पर बिहार सरकार के कला संस्कृति व युवा विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मे सोमवार की देर संध्या दिग्गज लोक गायको के पूर्वी धुनो के सुरो पर देर रात तक लोग झूमते रहे ।चर्चित लोक गायक शिवेश मिश्रा ने जब यह गीत गाया कि ''हित परीत हिताय मिताई सब साथ छोड़ देला,जब समय होला कमजोर, तब सब साथ छोड़ देला ''महेंद्र मिसिर के ई धरती, भिखारी ठाकुर के ई धरती बहे प्रेम मजधार,ई हमार ह बिहार ई हमार ह बिहारी ''प्रस्तुत किया,जिसपर लोग झूमने लगे। चर्चित लोक गायक गोपाल राय ने ''ओ ननदिया मोरी हो,छोटी मोटी जामुन गछिया फरे ना फुलाय, ओ ननदिया मोरी हो,प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।उनकी एक गीत ''चले लू डगरिया त नदी बीच नैया हिलोर मारे'' लोगों को खूब झुमाया।लोक गायक आलोक पांडेय ने आहा आहा उधो कोवनो रे जोगनिया जोगवा मारे तथा ''जग में माई बिना केहू ना सहाई ना होई,केहु कतनो दुलारी बाकीर माई ना होई'' प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर कर दिया।बाल कलाकार रौनक रतन ने आधी आधी रतिया के कुहेके कोयलिया राम बैरनिया भ ईले ना प्रस्तुत कर सबको ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। आरा से पधारे अविनाश बाबा लव ने '' कांचे रे उमीरिया पिया मांगेले गवनवा, रे ननदिया मोरी हो कंपी जाला देहिया हमार'' प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। स्थानीय राम जानकी संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद मिश्रा और उनकी टीम ने चैता ''गिरीजा हो भरत भवनवा, हो रामा मानो हो कहनवा प्रस्तुत कर लोगो झूमने पर विवश कर दिया। लोग गायिका सोनम मिश्रा और उनकी टीम ने'' केहू गोद वाली हो गोदनवा,राधा जी सुन के बोली, अपनी केवरिया खोली,आव गोदनहरी आव,व दीयरा जरा द अपन भैया के बोलाई द, नसे नसे उठे ला लहरिया रे, हे ननदी दियरा जरा द, व लक्ष्मी ने पटना से बैदा बुलाई दा नजरा गइले गुईंया'' प्रस्तुत कर सबको झूमा दिया । वही दिवा कार्यक्रम में कुमारी अनीशा, डोली कुमारी, मनोज कुमार महतो,काजल कुमारी, राहुल कुमार, लखन लाल लहरी, कमलदेव यादव,शुभम कुमार, चंदन सिंह मिंटू, राजू रंजन मिश्रा, जया तिवारी, कुंदन कुमार,राजनंदनी कुमारी,अनीश कुमार, प्रियंका कुमारी,रामदास गिरी,हैप्पी श्रीवास्तव,अजीत पांडेय,समृद्धि श्रेया, शेखर सुमन, करिश्मा कुमारी लक्ष्मी कुमारी, अमरजीत लाल, सुभाष राय,मनन गिरी, पंजतन ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को दिन भर झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन संजय भारद्वाज व शशि प्रभा ने किया।

# महेश्वरम एकेडमी बेतवानिया में शुरु हुआ प्रथम सोपान परीक्षण शिविर

## स्काउट गाइड से बच्चो में होता है शारीरिक,मानसिक और नैतिक विकास- राजेश कुमार

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(समग्र शिक्षा)के निर्देश पर प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महेश्वरम एकेडमी बेतवानिया में मंगलवार को किया गया।शिविर में भाग लेने वाले स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा, गांठ विद्या, ध्वज शिष्टाचार, ड्रिल, सफाई, व्यायाम, सीटी संकेत, खेल व ताली आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उद्घाटन समारोह में विद्यालय निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों में स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा बहुत ही जरूरी है,स्काउटिंग शिक्षा बच्चों को स्वालंबन व अनुशासन के साथ साथ देश प्रेम की भावना का विकास करता हैं।वहीं जिला आयुक्त स्काउट अरूण परासर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों में शारीरिक,मानसिक और नैतिक विकास होता है।जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में बच्चो को प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभा को निखारना है।उक्त अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मुकेशकुमार, सुदीप,पिंटू, बीरेंद्र,सुनील, राजीव, सुदर्शन, सरिता, स्वाती, कुसुम, मनीषा, नीतू, सोनी उपस्थित थे।



## बीते एक पखवाड़ा से बैंक का लिंक फेल, ग्राहक परेशान

**दैनिक खोज खबर/पानापुर( सारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पानापुर बाजार का एक मात्र उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक तुर्की पानापुर शाखा का पिछले लगभग एक पखवाड़ा से लिंक बाधित चल रहा है, जिससे बैंक से जुड़े उपभोक्ता परेशान है। पानापुर बाजार प्रखंड का मुख्य बाजार है। इस बाजार किसी भी बड़े बैंक की शाखा नही है। एक मात्र ग्रामीण बैंक की शाखा से बाजार एवं आस पास के दर्जनो गांवो के ग्रामीणों एवं व्यवसायियो की बैंकिंग से जुड़े कार्य संचालित होते है। महत्वपूर्ण जगह पर एक मात्र बैंक होने के कारण इसका कारोबार करोड़ों में होता है ,लेकिन सुविधा व संसाधनों की घोर कमी है। बैंक की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि पिछले बीस दिनों से बैंक का लिंक बाधित चल रहा है लेकिन इसके जिम्मेदार पदाधिकारी इसको ठीक कराने की दिशा कोई सार्थक पहल नही कर रहे है। होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के मौके पर भी बैंक का लिंक बाधित रहा जिससे लोगों के पैसे की जमा निकासी नही हो सकी। बैंक से जुड़े उपभोक्ता सुरज कुमार, मनोज कुमार, देवपति देवी, अखिलेश महतो आदि ने बताया कि वे लोग पिछले कई कई दिनों बैंक का चक्कर काट रहे है। लेकिन लिंक नही रहने के करण उनका काम नही हो रहा है। कई ऐसे उपभोक्ता है आए दिन आकर बैंक में लिंक आने की उम्मीद में बैठ रहे और शाम तक लिंक नही रहने कारण बैरंग उन्हें वापस चला जाना पर रहा है। शाखा प्रबंधक ने बताया की बीते 28 फरवरी से ही लिंक की समस्या बनी हुई है। लिंक आने पर ही कोई काम हो सकता है। यह समस्या कब तक दूर होगी कुछ भी कहा नही जा सकता।

# चोरी की तीन बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी/दाउदपुर।** दाउदपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह पर छापेमारी कर चोरी की तीन बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में इनायतपुर गांव का सूरज कुमार साह व बरवां का हरेंद्र कुमार राम उर्फ भुवर राम शामिल हैं। थानाध्यक्ष नवलेश ने बताया कि सोमवार की रात गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इनायतपुर निवासी सूरज कुमार साह चोरी की बाइक इश्तेमाल करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रात में हीं उसके घर पर छापेमारी कर दी। इस दौरान पुलिस ने चोरी की दो बाइक जब्त करने के साथ हीं सूरज कुमार साह को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने दाउदपुर में छापेमारी कर बरवां के हरेंद्र कुमार राम उर्फ भुवर राम को एक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने पूछताछ कर मंगलवार को दोनों को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पूर्व में भी शराब के कारोबार में कई बार जेल जा चुके हैं। पुलिस लगातार अपराधियों व वारंटियों के विरुद्ध अभियान चला रही है। वहीं संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रख रही है।

# डाकघर से पैसे निकासी कर घर लौट रहे युवक से एक लाख की लूट

## बाइक सवार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** एकमा पचरूखिआ पथ पर मंगलवार की दोपहर बाईक सवार दो बदमाशों ने लीला पैलेस के समीप तीनमुहानी पर एक युवक से मारपीट कर एक लाख रूपए लूट लिए, पीड़ित युवक मांझी थानान्तर्गत नाचाप गांव निवासी धर्मेन्द्र तिवारी बताया जाता है,घटना के संबंध में बताया जाता है कि धर्मेन्द्र तिवारी एकमा स्थित प्रधान डाकघर से एक लाख रूपए की निकासी करने के बाद सब्जी खरीदकर एकमा स्थित भंटटोली के रास्ते बाईक से अपने घर नाचाप लौट रहे थे पीड़ित ज्योंहीं तीनमुहानी के समीप पहुंचा राजापुर की ओर से ब्लु रंग की अपाची पर सवार दो बदमाशों ने चलती गाड़ी पर हीं फाईट से मारकर गिरा दिया जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया और मारपीट कर एक लाख रूपए नकद समेत मोबाईल और झोले में रखे कटहल सब्जी लेकर फरार हो गए, घायलावस्था में ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा में किया गया,पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज क्या है पुलिस मामले की जांच में जूटी है, वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अपने आप में अजीबोगरीब घटना है जिसमें चाकु और पिस्टल का इस्तेमाल किए बगैर लूट की घटना को अंजाम दिया गया।

# सारण में पिछले पांच वर्ष में प्रतिवेदित विसराल लीशमैनियासिस कालाजार के मरीजों का किया जायेगा फॉलोअप

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिले में कालाजार (विसरल लीशमैनियासिस) के मरीजों के उपचार और निगरानी के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल की है। पिछले पांच वर्षों में जिले में 1468 कालाजार मरीजों की पहचान हुई है। इन मरीजों का फॉलोअप किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपचार के बाद वे पुनः लक्षणों का सामना तो नहीं कर रहे हैं।जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ.दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि जिले में कालाजार के 1468 मरीजों का लाइन-लिस्ट तैयार कर लिया गया है। अब इन मरीजों का फॉलोअप स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं जैसे डब्ल्यूएचओ, जीएचएस, सीफार, और पिरामल के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।इस फॉलोअप का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों में कालाजार के बाद कोई और लक्षण, जैसे पोस्ट-कालाजार डर्मल लीशमैनियासिस (पीकेडीएल), तो नहीं विकसित हो रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि कालाजार के उपचार के बाद भी कुछ मरीजों में त्वचा संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जिसे त्वचा कालाजार कहा जाता है।

चमड़ी कालाजार का इलाज संभव है, लेकिन इसके लिए मरीज को लगातार 12 सप्ताह तक दवा का सेवन करना पड़ता है। सही समय पर उपचार से रोगी पूरी तरह से स्वस्थ हो सकता है।स्वास्थ्य विभाग का यह कदम कालाजार के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करेगा और रोगियों के बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करेगा।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि पीकेडीएल का इलाज पूर्ण रूप से किया जा सकता है। इलाज के बाद मरीज को चार हजार रुपये का सरकारी अनुदान भी दिया जाता है। पीकेडीएल यानि त्वचा का कालाजार एक ऐसी स्थिति है, जब लीशमैनिया डोनोवानी नामक परजीवी त्वचा कोशिकाओं पर आक्रमण कर संक्रमित कर देता है। जिससे त्वचा पर लाल धब्बा उभरने लगता है। कालाजार बीमारी के ठीक होने के बाद त्वचा पर सफेद धब्बे या छोटी-छोटी गांठें बन जाती हैं। चमड़ी संबंधी लिशमेनिसिस रोग एक संक्रामक बीमारी है। जो मादा फ्लेबोटोमिन सैंडफ्लाइज प्रजाति की बालू मक्खी के काटने से फैलती है।

# 20 मार्च को वाम दलों के जिला स्तरीय प्रदर्शन को सफल बनाने की तैयारी बैठक

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा के दयालपुर बाजार पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एक बैठक में 20 मार्च को जिला मुख्यालय में आहूत वाम दलों के संयुक्त प्रदर्शन को सफल बनाने का आहवान किया गया । बैठक में बड़ी संख्या में खेत मजदूर , ग्रामीण दस्तकार एवं भाकपा कार्यकर्ता उपस्थित थे । बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा जिला सचिव राम बाबू सिंह ने कहा कि 20 मार्च को सी पी आई और सी पी एम द्वारा संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन का प्रस्ताव लिया गया है जिसमे आप की बेहतर हिस्सेदारी होनी चाहिए । उन्होंने आगे कहा कि आज किसान ,खेत मजदूर , ग्रामीण दस्तकार मोदी नीतीश के राज में काफी संकटपूर्ण जीवन जी रहे हैं एवं कर्ज के बोझ से दबते जा रहे हैं । एक तरफ सरकार पूंजीपतियों का कर्ज माफ कर रही है दूसरी तरफ किसान खेत मजदूर एवं गरीबों का कर्ज माफ करने में आनाकानी कर रही है । ऐसी स्थिति में आंदोलन के सिवा कोई चारा नहीं है । उन्होंने 14 सूत्री मांग पत्र का उल्लेख करते हुए जिला कलक्टर के समक्ष धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए 20 मार्च को छपरा चलने की अपील किया । अध्यक्षता चमचम महतो नंदन ने किया । बैठक में दीनदयाल महतो, अभिषेक कुमार , बाबूलाल महतो , दीपक कुमार, नागेश्वर महतो, भगमनी कुंवर, शांति देवी, सीता देवी, राम दयाल महतो, राम प्रीत महतो, नसरुद्दीन आदि उपस्थित थे ।

# स्प्रिट माफिया शंभू पटेल गिरफ्तार, गिरफ्तारी के दौरान पुलिस बल पर हमला, थानाध्यक्ष समेत अन्य जवान घायल



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** मशरक सारण एसपी (ग्रामीण) शिखर चौधरी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया 15 दिसम्बर 2024 को गुप्त सूचना के आधार पर तरैया थाना द्वारा एक 22 चक्का हाइवा एवं एक चार चक्का किया लक्जरी वाहन पकड़ी गई थी, जिसमे कुल 6048 लीटर स्प्रिट शराब बरामद कर तरैया थाना कांड सं0 462/24 दर्ज कर 03 प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिसमें बड़ा स्प्रीट व्यापारी गुड्डू तिवारी उर्फ तपसी तिवारी उर्फ बाबा, पिता-ललन तिवारी, साकिन-हरपुर कोठी, थाना-जनता बाजार, जिला-सारण (जिस पर पुरे सारण रेंज के कई थानों में डेढ़ दर्जन कांड दर्ज है) को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसी क्रम में अनुसंधान के क्रम में 17 मार्च 2025 को तरैया थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तरैया थाना कांड सं0- 462/24 के 6048 ली0 स्प्रीट कारोबार में संलिप्त वांछित अभियुक्त शंभू पटेल अपने घर मशरक के गोपालबाड़ी आया हुआ है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तरैया थाना एवं मशरक थाना द्वारा शंभू पटेल के घर को घेराबंदी कर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में वांछित अभियुक्त शंभू पटेल को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त के गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के परिजनों एवं अन्य सहयोगियों द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को छुड़वाने का प्रयास किया गया एवं जबरन धक्का मुक्की की गयी।

इस संबंध में 06 नामजद एवं 10-15 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध मशरक थाना कांड संख्या 112/25 दर्ज कर मशरक के गोपालवाड़ी गांव निवासी शंभू पटेल, पिता-बिगन प्रसाद, रोहित कुमार, पिता-शंभू पटेल, हरेन्द्र प्रसाद यादव उर्फ बंटी यादव, पिता-जगरनाथ प्रसाद यादव,शंकर प्रसाद, पिता स्व0 बिगन प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शंभू पटेल पर मशरक थाने में आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। छापेमारी अभियान में डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष मशरक रणधीर कुमार, तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस बल मौजूद रहें।

# खेम्हा ब्रह्म बाबा के प्रांगण से अखंड अष्टम के लिए निकली भव्य शोभायात्रा

**दैनिक खोज खबर/गरखा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जलाल बसंत के जलाल बसंत बंगारी स्थिति खेम्हा ब्रह्म बाबा के प्रांगण में आयोजित 24 घंटे का अखंड अष्टम के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गईशोभायात्रा में घोड़ा, बैंड बाजा, राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान की झांकी शोभायात्रा के साथ बड़ी संख्या में डीजे पर झूमते- गाते श्रद्धालु जलाल बसंत खेम्हा ब्रह्म बाबा के प्रांगण से निकले जो सुरेंद्र चौक बंगारी, जगदीशपुर, मोहरमपुर, जलाल बसंत होते हुए बसंत ठाकुरबाड़ी पहूंचे, जहां पूर्व से आमी से लाई गई गंगाजल से आचार्य मनीष तिवारी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलभरी हुई.मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि ग्रामीण खेम्हा ब्रह्म बाबा के स्थान पर हर साल अखंड अष्टयाम का आयोजन करते हैं.जिसमें एक दर्जन से अधिक गांव के श्रद्धालु शामिल होते हैं. अखंड अष्टयाम से वातावरण शुद्ध होने के साथ, सामाजिक उन्नति, एकता, भाईचारा बढ़ाने व मानसिक शांति के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए.अष्टयाम समाप्ति के रात्रि में दीपक दिलदार और आलम राज का सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रोग्राम रखा गया है. शोभायात्रा में मुख्य रूप से सोहन मांझी, छात्र नेता राहुल कुमार यादव, सोहन राय, नंदकिशोर राय, मैनेजर राय, शिक्षक विरेन्द्र प्रसाद, सुरेश राय मास्टर साहब, कालीचरण राय, मनीष यादव, पासपति राय, ओमप्रकाश मांझी, जयप्रकाश राम, मुन्ना राय, राजेश रौशन, रंजीत राम, अरुण राय,अजीत शर्मा, सतीश शर्मा, श्रवण शर्मा, मेघनाथ राय, रामबाबू राय, विनोद राय, मुन्ना मार्शल, राजा शाह, दूबे यादव सहित, सैकड़ों महिलाएं, पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

## इसुआपुर में अवैध हथियार लहराते दो युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के केरवां पंचायत के केरवां गांव के सुभाष राय का पुत्र आशुतोष राय तथा दूसरा वीरेंद्र राय का पुत्र सुधांशु राय दोनों अवैध हथियार लहराते हुए सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड किया है ।सूत्रों के अनुसार किसी कार्यक्रम में नर्तकियों के साथ हाथ में अवैध हथियार कंाटा के साथ डांस करते हुए देखा जा रहा है। दूसरा सुधांशु कुमार हाथ में अवैध हथियार के साथ प्रदर्शन करते हुए देखा जा रहा है। स्थानीय थाना इसुआपुर में दोनों के ऊपर लगभग 3 महीना पहले एक मारपीट करने का मामला दर्ज है। जिस मामले में दोनों पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि दोनों अभियुक्तों पर केस रजिस्टर्ड कर लिया गया है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। दोनों जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## लाठी डंडे से प्रहार कर जख्मी किया, अस्पताल में भर्ती

**मकेर(सारण)।** थाना क्षेत्र के मकेर दरगाह निवासी नासिमुली हक ने मकेर थाना में एक आवेदन दिया है जिसमे उन्होंने बताया है कि मेरे पड़ोस के साहेब ,अंसारी एनी खातून में मुझे लाठी डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया है ।विवाद का कारण उन्होंने कहा कि मेरे गेंहू की फसल को बैमनस्य की भावना से रौंद रहा था जिसका विरोध करने पर लाठी डंडे से पीट पीट कर अधमरा कर दिया ।गंभीर हालत में परिजन चकिया स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया है ,इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि आवेदन पत्र प्राप्ति के बाद प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

## सोनार टोली : तीन मंजिला मकान से नीचे गिरी बच्ची, मौत

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के सोनार टोली मोहल्ला में मंगलवार की दोपहर तीन मंजिला मकान से एक बच्ची गिरकर घायल हो गई। इस दौरान घटनास्थल पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से स्वजनों ने घायल बच्ची को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया ,जहां डाक्टर ने इलाज कर स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया। हालांकि पटना जाने के क्रम में बच्ची की मौत हो गई। मृत बच्ची की पहचान उक्त मोहल्ला निवासी राजू सोनी की तीन वर्षीय पुत्री जाह्नवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बच्ची छत पर खेल रही थी। इसके बाद आगे रेलिंग पर आ गई। नीचे मोहल्ला के लोगों ने उसे अंदर जाने को भी कहा लेकिन बार-बार आ जा रही थी। इसी बीच वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। इससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। मौत के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पिकअप व स्कूल वाहन की टक्कर में तीन घायल

**सिवान:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव के समीप मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार पिकअप व स्कूल वाहन की टक्कर में स्कूल वाहन में सवार तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि आधा दर्जन बच्चे आंशिक रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से वाहन में सवार सभी बच्चों को निकाल इलाज हेतु सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान मोहद्दीपुर निवासी इम्तियाज, छात्र राजीव कुमार व वंदना कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि श्रीनगर मोड़ स्थित एक स्कूल की मैजिक वाहन विभिन्न गांवों से बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी। वाहन में करीब एक दर्जन बच्चे सवार थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूल वाहन में धक्का मार दी, इससे स्कूल वाहन सड़क से नीचे गड्ढे में चली गई। वाहन में सवार सभी बच्चे घायल हो गए। इधर पिकअप चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर स्कूल वाहन को जब्त कर लिया जबकि फरार पिकअप चालक की पहचान कर रही है।

## सीवान: पुलिस सभा में एसपी ने समस्याओं के निराकरण का दिया आदेश

**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस लाइन में एसपी की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस सभा का आयोजन किया गया। पुलिस सभा में पुलिस कर्मियों द्वारा एसपी के समक्ष कई प्रकार की विभाग से जुड़ी समस्याओं को रखा गया। एसपी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसपी पुलिस लाइन में रहने वाले सभी पुलिसकर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया। एसपी ने बताया कि पुलिस केंद्र में नियमित रूप से आयोजित शस्तिका कक्ष एवं अनुरोध कक्ष का संचालन किया गया। इसमें पुलिस कर्मियों की समस्या से अवगत होकर समस्या के समाधान हेतु संबंधित शाखा को निर्देशित किया गया। उन्होंने उनके समक्ष रखी गई सभी समस्याओं के निराकरण के आदेश दे दिए हैं।

## 3.41 लाख में हुई सब्जी मंडी की बंदोबस्ती

**महाराजगंज (सिवान) :** महाराजगंज नगर पंचायत कार्यालय कक्ष में मंगलवार को बंदोबस्त किया गया। ईओ हरिश्चंद्र ने बताया कि बंदोबस्त तीन लाख 41 हजार रुपये में सब्जी मंडी की बंदोबस्ती की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पांच प्रतिशत निबंधन शुल्क के रूप में 17050 तथा पांच प्रतिशत स्टाप शुल्क के रूप में 17050 रुपये जमा करना है। इस मौके पर नपं अध्यक्ष शारदा देवी, सहायक लोक स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी सोनाली छाया, प्रधान लिपिक मनु कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## दो कुर्की वारंटी गिरफ्तार

**आंदर (सिवान) :** असांव थाना की पुलिस ने 16 मार्च की शाम तियर व महम्मदपुर में छापेमारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राजशेखर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान तियर निवासी राजू सिंह व महम्मदपुर निवासी प्रदीप सिंह के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ न्यायालय से कुर्की जब्ती का वारंट जारी किया गया था।

## मारपीट में दो घायल

**सिसवन (सिवान) :** चैनपुर थाना क्षेत्र रामगढ़ गांव में सोमवार को आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट दो लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायलों में धर्मेंद्र महतो तथा राम दर्शन महतो शामिल है।

## मारपीट के मामले में 10 नामजद

**बसंतपुर (सिवान) :** थाना क्षेत्र के बनसोही गांव में होली के दौरान 14 मार्च को दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में 10 लोगों को नामजद किया गया है। इस मामले में घायल जयश्री मांझी के पुत्र विकास कुमार के बयान पर 10 लोगों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# सीवान : डीआईजी ने एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

**परवेज अख्तर/सीवान।** सारण डीआइजी निलेश कुमार ने मंगलवार की सुबह समाहरणालय स्थित सदर एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व डीआइजी को पुलिस जवानों ने गार्ड आफ आनर दिया। उनके साथ एसपी भी मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम में डीआइजी ने एसडीपीओ कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया। साथ ही एसडीपीओ कार्यालय में रिकार्ड का सही ढंग से रख रखाव व अद्यतन करने का निर्देश दिया। इस दौरान मामले की जांच और निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। सभी थानों का अभिलेख, लंबित केस सहित आपराधिक घटनाओं के बारे में जानकारी लिया। डीआइजी ने विभिन्न कांडों की समीक्षा भी की। समीक्षा के दौरान उन्होंने एसडीपीओ को कई निर्देश दिए। कहा कि विभिन्न लंबित कांडों को त्वरित गति से निबटाएं। कुर्की जब्ती की कार्रवाई भी करें। कहा कि पुलिस-पब्लिक संबंध को बेहतर बनाकर हम अपराध पर नियंत्रण पा सकते हैं। डीआइजी ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में कुछ त्रुटियां पाई गई हैं, इसमें सुधार के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर एसडीपीओ सदर अजय कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## तरवारा: पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य में बाधा डालने की सूचना पर पहुंचा प्रशासन

**तरवारा (सिवान) :** जीबी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा पंचायत के तरवारा काजी टोला में बन रहे पंचायत सरकार भवन की जमीन को काजीटोला के मोहम्मद आलम, ताज आलम, अली हसन, हुसैनी मियां द्वारा अपनी निजी जमीन बताते हुए भवन निर्माण कार्य में बाधा डाला जा रहा था।इसकी सूचना पर मंगलवार को पचरुखी अंचलाधिकारी अमित कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सिवान विजय कुमार राय, बीपीआरओ सूरज कुमार, सहायक अभियंता भवन निर्माण ब्रजेश पटेल, थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य को सुचारू रूप से प्रारंभ कराया। साथ ही कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों को कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।अंचलाधिकारी ने बताया कि यह जमीन सरकारी गैर मजरुआ है,इसमें पूर्व से अस्पताल, कचरा भवन एवं सरकारी पार्क बना हुआ है,उसी जमीन में सरकार के आदेश के आलोक में चिह्नित कर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिस पर उपरोक्त सभी लोगों द्वारा निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा था। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि किसी भी सरकारी भवन निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले को किसी भी सूरत में नहीं बक्सा जाएगा।

## श्रीमद्भागवत कथा व ज्ञान महायज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/हसनपुरा (सिवान) :** प्रखंड के हरपुर कोटवा पंचायत के चांदपरसा स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय श्रीभागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह वार्षिकोत्सव को ले मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से गाजे-बाजे व हाथी-घोड़े के साथ निकली एवं गांवों का भ्रमण करते हुए मंदिर के समीप जलाशय से जल भरकर पुनः चांद परसा, पिपरा, मधवापुर आदि गांवों का नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंच संपन्न हो गई। कलश यात्रा में करीब 2100 कन्या समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में पंजाब से पहुंचे ओम दीपक आर्ट के बैनर तले राधा-कृष्ण, मां काली सहित भगवान शिव व माता पार्वती के मनमोहक झांकी निकाली गई जो क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रही। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, हर-हर महादेव आदि के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पूर्व आचार्य पवन मिश्रा व उनके सहयोगियों द्वारा भगवान गणेश की पूजा व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह वार्षिकोत्सव की शुभारंभ किया गया। महायज्ञ के यजमान अरुण सिंह व उनकी पत्नी थी। यजमान ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति 24 मार्च को की जाएगी। इस दौरान वृंदावन से पधारे कथा वाचिका देवी राधिका प्रियदर्शी के मुखारबिंद से अमृतवाणी की बरसात होगी। इस मौके पर प्रतिदिन दैनिक पूजन, महाभिषेक एवं संध्या छह बजे से भागवत कथा व मनमोहक झांकी प्रस्तुत किए जाएंगे। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजकुमार महतो, संजीव साह, भोला महतो, चंद्रमा यादव, अनिल यादव, सुनील कुशवाहा, प्रिंस सिंह, पप्पू महतो, विक्की साह, चुना सिंह, अतुल कुमार सिंह, रूपेश सिंह, दिनेश यादव, पंकज यादव, रौनक प्रसाद, चंद्रमा यादव, अनिल यादव, पप्पू महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा की बैठक में एक राष्ट्र, एक चुनाव के लाभ से कार्यकर्ताओं को कराया गया अवगत

**दैनिक खोज खबर/बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' विषय पर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने की। बैठक में एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान के भाजयुमो के क्षेत्रीय प्रभारी राजीव कुमार तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' के महत्व, इसके संभावित लाभ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से देश में विकास कार्य बाधित होते हैं और भारी आर्थिक खर्च आता है। यदि पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं, तो इससे प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से चल सकेंगे और संसाधनों की भी बचत होगी। पूर्वी जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव देश को राजनीतिक स्थिरता देने और सुचारू शासन व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक कदम होगा। यह पहल भारत को एक सशक्त लोकतंत्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी समर्थन कर इसे आगे बढ़ाया है जो देश हित में काफी सराहनीय है। वहीं युवा प्रभारी राजीव कुमार तिवारी ने कहा कि देश में चुनावी सुधारों को लेकर भाजपा प्रतिबद्ध है। एक राष्ट्र, एक चुनाव से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और जनता को भी बार-बार चुनाव की असुविधा से मुक्ति मिलेगी। बैठक में कार्यकर्ताओं को इस अभियान से जुड़ने और इसे जमीनी स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया।बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष अमित कुमार, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष यशवंत कुमार, विजय पांडेय, रामनरेश यादव, सोल्टी कुमार, मुन्ना कुमार, पुष्पेंद्र बाबा सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लोकगायक आलोक पांडेय को थावे विद्यापीठ ने दी डाक्टरेट की मानद उपाधि

### भारतीय लोक संस्कृति के वैश्विक प्रचार-प्रसार में अतुलनीय योगदान का सम्मान

**दैनिक खोज खबर/सिवान :** अपने सुरों से भोजपुरी लोकगायन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले जिले बंगरा उज्जैन निवासी प्रख्यात लोकगायक आलोक पांडेय गोपाल को थावे विद्यापीठ द्वारा विद्या वाचस्पति (डाक्टरेट) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय लोकसंस्कृति के वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार, हिंदी एवं भोजपुरी साहित्य के संरक्षण और संवर्धन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। नौ मार्च को बाबा हरिहरनाथ मंदिर सोनपुर में थावे विद्यापीठ के विशेष अधिवेशन के दौरान यह उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यापीठ के कुलपति डा.विनय पाठक, कुलसचिव डा.पीएस दयाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजय पासवान, प्रति-कुलपति जंग बहादुर पांडेय और डा. अरविंद सहित कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित थी। इस सम्मान से आलोक पांडेय गोपाल के प्रशंसकों में काफी उत्साह देखा गया। उन्हें बधाई देने के लिए इंटरनेट मीडिया और फोन पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। ज्ञात हो कि आलोक पांडेय पिछले एक दशक से पारंपरिक लोकगायन के जरिए भोजपुरी संगीत को नए मुकाम तक ले जा रहे हैं। सुरसंग्राम (महुआ चैनल) और दूरदर्शन किसान चैनल के प्रतिष्ठित शो फोक स्टार ''माटी के लाल'' के विजेता रह चुके हैं।

## इजमाली में हमले में घायल युवक के स्वजनों से मिला भाजपा का शिष्टमंडल, न्याय दिलाने का दिया आश्वासन

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के प्रखंड के इजमाली में यज्ञ के लिए चंदा मांगने गए युवकों पर 16 मार्च को शरारती तत्वों ने जानलेवा हमला कर दिया। इसमें गांव का ही युवक नीतीश चौहान घायल हो गया था। घटना की सूचना पर मिलते ही भाजपा का एक शिष्टमंडल भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी एवं पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में मंगलवार को इजमाली गांव पहुंच पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान नीतीश चौहान को प्रशासन से उचित न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, अजय पासवान, अनुरंजन मिश्रा, मुकेश कुमार बंटी भी पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया। सभी घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की ताकि आने वाले दिनों में घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो।

ग्रामीणों ने शिष्टमंडल को बताया कि बदरजीमी में आयोजित यज्ञ के लिए चंदा मांगने के लिए 16 मार्च को कुछ युवक बगल के कुर्मी टोला में जा रहे थे। तभी इजमाली गांव के कुछ शरारती तत्वों ने घेरकर उनकी बाइक की चाबी निकाल ली और तलवार-फरसा से हमला कर दिया। इसमें इसमें मुख्य रूप से नीतीश चौहान घायल हो गए। इसके अलावा अन्य युवकों को भी हल्की चोट लगी थी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इजमाली गांव के कुछ शरारती युवक कोई भी जुलूस, बरात व शव यात्रा रास्ते से नहीं निकालने देते हैं। भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत सभी धर्म का आदर करने वाला देश है और इजमाली की घटना से आश्चर्य होता है कि जो सड़क आम जनता के लिए बनी है उस पर किसी भी धर्म विशेष का अधिकार नहीं हो सकता। उन्होंने प्रशासन से वार्ता कर ग्रामीणों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान, शर्मानंद राम, जिला महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, हरेंद्र कुशवाहा, रामपुकार चौहान, आभा सिंह कुशवाहा, किरण गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, सुभाष सिंह कुशवाहा, कुंदन कुमार सिंह, सत्यम सिंह ओमप्रकाश तिवारी, कृष्ण सिंह, पूर्व मुखिया मुन्ना पाल, सरपंच दिलीप कुमार कुशवाहा, भरत प्रसाद, संजय साह, सुरेश राम, शैलेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, प्रहलाद सिंह आदि उपस्थित थे।

# रक्तदान शिविर को ले युवाओं में दिखा उत्साह

**मैरवा (सिवान) :** सर्वेश्वरी समूह मैरवा शाखा के नौका टोला स्थित आश्रम परिसर में सोमवार को रेड क्रास सोसाइटी ब्लड बैंक सिवान के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों समेत काफी संख्या में आसपास के क्षेत्र के युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने के लिए युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। रक्तदान करने वालों में अभिजीत कुमार, सिद्धार्थ रवि कुमार, वरुण कुमार, मनीष सोनी, दीपक श्रीवास्तव, विवेक सोनी, मनीष जायसवाल, गौतम जायसवाल, ऋषिकेश कपूर कुशवाहा, विमलेश ठाकुर, सत्यम जायसवाल, आशुतोष बहादुर, विजय गुप्ता, मैनेजर सिंह, राजन कुमार समेत कई लोग शामिल थे। शिविर के आयोजन में डा.सुनील कुमार, आशुतोष बहादुर सिंह, नीरज कुमार, कृष्ण कुमार बर्णवाल, विजय गुप्ता समेत कई लोग सक्रिय दिखे।

## रमजान पाक का महीना : मौलाना शाहिद नूर

**बड़हरिया (सिवान) :** रमजान पाक का महीना है। रमजान में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रख अल्लाह से अपने सलामती के लिए दुआ मांगते हैं। यह बयान जारी करते हुए सुरहिया मस्जिद के मौलाना शाहिद नूर ने बताया कि रमजान के महीना अल्लाह के करीब होने का महीना है, इस महीने में इंसान का गुनाह माफ होता हो जाता है, इसका पहला आसरा रहमत दूसरा आसरा मगफिरत व तीसरा जहन्नम की आग से छुटकारा पाने का होता है। इस मुबारक महीना में अल्लाह ने पवित्र कुरान को नाजिल किया। इस महीने में शबाब जैसी एक महान रात होती है, जो एक हजार महीने से बेहतर है, इस महीने में नफिल नमाज को शबाब फर्ज के बराबर होते हैं और फर्ज का सबब 70 गुना से अधिक हो जाता है। इस महीने में दिन का नमाज के साथ रात में भी तराबीह का पाबंदी के साथ पढ़ना चाहिए। रमजान का रोजा अल्लाह ने फर्ज किया है, तराबीह का नमाज जबी का सुन्नत है।

## मैरवा : बैंक आफ इंडिया की महिला ग्राहक से 50 हजार की छीनतई

**परवेज अख्तर/सीवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के तितरा बाजार में मंगलवार को एक महिला से बदमाशों ने 50 हजार रुपये छीनकर भाग गए। महिला शोर मचाती रह गई। महिला बैंक आफ इंडिया शाखा तितरा बाजार से रुपये निकासी कर घर लौटने की तैयारी में थी। छीनतई की शिकार हुई वृद्ध महिला जीरादेई थाना क्षेत्र के ठेपहा बाजार निवासी भागीलाल चौहान की पत्नी वियफी देवी है। घटना के बाद वियफी देवी ने इस संदर्भ में मैरवा थाना में आवेदन देकर छीनतई की घटना को अंजाम देने वालों की पहचान कर उसके विरुद्ध कार्रवाई कने का अनुरोध पुलिस से की है। उन्होंने कहा है कि मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे दिन में वह बैंक आफ इंडिया तितरा बाजार शाखा पहुंची। वहां से 50 हजार रुपये की निकासी करने के बाद बैंक से निकल रही थी। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके हाथ से रुपये छीन लिया और भाग गया। उन्होंने अपने आवेदन में पुलिस को बताया है कि छीनतई की यह घटना बैंक के सीसी कैमरा में कैद है। इसे देखकर पुलिस पहचान करते हुए अपराधी को गिरफ्तार कर सकती है। साथ ही उन्होंने छीनतई किए गए रुपये बरामद करते हुए उसे उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

## नूरी मस्जिद में तराबी कार्यक्रम का आयोजन

**सिवान।** शहर के दक्षिण टोला वार्ड संख्या 34 स्थित नूरी मस्जिद में मंगलवार तराबी मुकम्मल हुआ। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। मस्जिद के सदर मुस्तफा साहब, सचिव ताज मोहम्मद, कोषाध्यक्ष मोहम्मद कैफ ने बताया कि इस दौरान कुरान शरीफ का तीस पारा सुना जाता है। इसमें मोहल्ले के काफी संख्या में लोग शामिल होते हैं। सभी को सिरनी और खाना भी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहल्ले के लोगों का कार्य सराहनीय रहा। वहीं मस्जिद के इमाम साहब और तराबी पढ़ाने वाले हाफिज साहब और मुअजिम को कपड़ा और पैसा देकर मुबारकबाद दिया गया। इस कार्यक्रम को ले लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर मस्जिद के सदस्य के रूप में अस्पाकसाहेब, अमजद अली, साने आलम, इरफान, वसी, राजा, मनोज, असगर अली, मुन्ना सेठ, जहिर अहमद, मोहम्मद सलाम, मुजम्मिल हुसैन, इरशा अली, दिलशाद, इम्तियाज अहमद, ओसामा, सैफ,अली, शाहिद वकील, जमीर अलम, पप्पू भाई आदि उपस्थित थे।

**बीईओ ने किया परीक्षा संचालन का निरीक्षण- मैरवा(सिवान) :** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चितरंजन राव ने मंगलवार को प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बभनौली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां संचालित हो रहे कक्षा एक से आठवीं तक की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा का जायजा लिया। उस समय द्वितीय पाली की परीक्षा चल रही थी। कक्षा छह से आठवीं तक के बच्चे विज्ञान विषय की परीक्षा दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन के लिए प्रतिनियुक्ति वीक्षकों की उपस्थिति का भौतिक मिलान किया। इसके बाद मध्याह्न भोजन संचालन से संबंधित बच्चों से पूछताछ की। साथ ही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, उपस्थित शिक्षकों और परीक्षा कार्य में लगाए गए प्रतिनियुक्ति वीक्षकों को आवश्यक निर्देश भी दिए। बीईओ ने इसे रुटीन जांच बताया।

## छेड़खानी के आरोप में दो के विरुद्ध प्राथमिकी

**सिसवन (सिवान) :** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाना में आवेदन देकर माधोपुर निवासी धर्मनाथ साह समेत एक अन्य पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी कराई है। उसने आरोप लगाया है कि गांव के धर्मनाथ साह व श्रीराम राय एवं अन्य चार लोगों के साथ बिना किसी से पूछे मेरे घर में घुसकर गाली गलौज तथा मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगे तथा विरोध करने पर मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि महिला के आवेदन पर प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

**दारौंदा: फाइनेंस कर्मी से लूट मामले में एक गिरफ्तार,जेल- परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के ढोलकिया पुल के समीप सिवान -छपरा मुख्य मुख्य पथ पर 18 फरवरी की शाम हुई बाइक सवार बदमाशों ने एक फाइनेंस कर्मी से पिस्तौल के बल 73 हजार 490 रुपये लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपित सारण के रसूलपुर थाना क्षेत्र के भदौर मठिया निवासी पवन गिरि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि 18 फरवरी को उत्कर्ष फाइनेंस कंपनी के एक कर्मी से दो बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर 73 हजार 490 रुपये लूट ली थी। पीड़ित सारण के गड़खा थाना क्षेत्र के पिठा घाट रामपुर निवासी सह दारौंदा स्थित उत्कर्ष फाइनेंस कंपनी में एबीएम (एरिया- ब्रांच मैनेजर) के पद पर कार्यरत संतोष कुमार ने थाना में प्राथमिकी कराई थी। पीड़ित संतोष कुमार के बयान के आधार पर रसूलपुर थाना क्षेत्र के भदौर मठिया गांव निवासी पवन गिरि समेत एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी की गई थी।

## बीडीओ ने बैठक में की सर्वे की समीक्षा

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ राजेश कुमार ने आवास सहायकों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए हो रहे सर्वे की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कई दिशा निर्देश दिए। बीडीओ ने हर हाल में पात्र लोगों का 31 मार्च तक सर्वे पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कर्मियों से कहा कि 31 मार्च तक गांव का भ्रमण कर वैसे लाभुकों का नाम सूची में जोड़ें जिनके पास पक्का मकान नहीं हैं और उनको इस योजना का लाभ नहीं मिला है। संचालित योजना का लाभ हर हाल में उचित लाभुकों को मिले। इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो। इसमें जुड़े सभी कर्मी व अधिकारी सरकारी गाइडलाइन के अनुसार सर्वे करें। ताकि गड़बड़ी का कोई गुंजाइश न रहे और लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ मिल सके। इस मौके पर आवास सहायक संतोष यादव एवं अन्य मौजूद थे।

## सिसवन : प्रेमी की मौत के मामले में प्रेमिका ने कराई प्राथमिकी, तीन नामजद

**परवेज अख्तर/सीवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के घुरघाट गांव के समीप 14 मार्च को मारपीट में घायल प्रेमी युवक की इलाज के दौरान मौत के मामले में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की प्रेमिका ने सिसवन थाना में आवेदन देकर तीन युवकों को नामजद अभियुक्त बनाया है। आरोपितों में महानगर निवासी चंदन यादव, अंकित यादव एवं नंदन यादव शामिल हैं।उसने आवेदन में कहा है कि 14 मार्च की देर शाम मैं अपने दोस्त मांझी थाना क्षेत्र के इमादपुर निवासी उमेश बिंद के पुत्र अरुण बिंद के साथ अपने गांव से उसके घर सारण के मांझी थाना क्षेत्र इमादपुर जा रही थी तभी घुरघाट चट्टी के समीप बाइक सवार महानगर गांव निवासी चंदन यादव, अंकित यादव एवं नंदन यादव ने बाइक से धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद तीनों ने अरुण बिंद के सिर पर राड से प्रहार कर घायल कर दिया। मेरे द्वारा शोर मचाने पर वे सभी फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हुए तथा अरुण बिंद को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ले गए जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया तथा सदर अस्पताल से उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। स्वजन उसे इलाज के लिए पटना एक निजी अस्पताल ले गए जहां सोमवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई।